सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel


सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 350 | इंदौर, गुरुवार 29 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Chandrashekhar Azad: भीम आर्मी प्रमुख की हालत स्थिर, फायरिंग करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की अटकलें
2. France: हिंसा की आग में दूसरे दिन भी जला फ्रांस; ट्रैफिक नियम तोड़ने पर पुलिसकर्मी ने किशोर को मारी दी थी गोली

मन मंदिर में बैठाके तुझे, नित भाव की गंगा बहा दूँ।
कुछ और नही देने को, बस भावो का भोग लगा दूँ।।

देवशयनी एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएं

आज से प्रारम्भ होने वाले चातुर्मास जो भारतीय संस्कृति में भक्ति, तपस्या और दान के लिए समर्पित किया जाता है। भगवान श्री हरि विष्णु जी से कामना है कि सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो।


# मप्र में दो दिन तक तेज बारिश का दौर

## जबलपुर-इटारसी रेलवे ट्रैक पर पानी भरा, आधा दर्जन ट्रेनों का रूट बदलना पड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । मध्यप्रदेश में मानसून के पहले सप्ताह में तेज बारिश के कारण नरसिंहपुर, उमरिया, सिवनी समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। ऐसे ही हालात शुक्रवार को भी बन सकते हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी जारी की है। आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। भोपाल में सुबह से रिमझिम बारिश हो रही है। हालांकि, आज तेज बारिश के आसार भी हैं।



जबलपुर और नरसिंहपुर में बुधवार को हुई बारिश से नर्मदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर नर्मदा नदी का जलस्तर गुरुवार सुबह 8 बजे 947 फीट पहुंच गया। 24 घंटे के अंदर 10 फीट से ज्यादा पानी बढ़ा है। यह खतरे के निशान से 18 फीट नीचे है। जिला प्रशासन व बचाव दल अलर्ट हो गए हैं। तेज बारिश के कारण जबलपुर-इटारसी रेलवे ट्रैक पर करेली-नरसिंहपुर स्टेशन के बीच बालू रेवा ब्रिज पर पानी आ जाने के कारण करीब सात ट्रेनों के रूट डायवर्ट कर दिए गए हैं। 28 जून को रवाना हुई ट्रेनें को दूसरे रूट से निकाला जा रहा है। इसी प्रकार जबलपुर मंडल के कटनी- बीना ट्रैक पर सैलया स्टेशन के पास ट्रैक पर पानी भर गया।

### दमोह में 24 घंटे में गिरा साढ़े 5 इंच पानी

मध्यप्रदेश में पिछले 24 घंटे में कई शहरों में पानी गिरा। दमोह में सबसे ज्यादा 143 मिमी यानी साढ़े 5 इंच से ज्यादा बारिश हुई। खजुराहो में भी तेज बारिश का सिलसिला जारी रहा। इसी प्रकार दमोह में 5.6, खजुराहो 3.8, रीवा 2.5, गुना 2.5, सतना 2.2, पचमढ़ी 2.1, मंडला 2.0, उमरिया 1.8, नौगांव 1.5, शिवपुरी 1.5, जबलपुर 1.2, टीकमगढ़ 0.9 सागर 0.8, छिंदवाड़ा 0.6, उज्जैन 0.5, रायसेन 0.5, धार 0.3, नरसिंहपुर 0.3, सीधी 0.2, नर्मदापुरम 0.2, नर्मदापुरम 0.1 और रतलाम में रतलाम 0.1 इंच बारिश हुई। इसके अलावा पिछले 24 घंटे में भोपाल, बैतूल, इंदौर, दतिया, सिवनी में भी बारिश दर्ज की गई।

### टापू में फंसा 12 वर्षीय बच्चा, पुलिस और SDRF ने बचाया

टीकमगढ़ जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक 12 साल बच्चा धसान नदी के टापू पर फंस गया। देर रात परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस और एसडीईआरएफ टीम ने नदी के दोनों छोर पर रस्सी बांधकर बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला लिया। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि बच्चा अपने दोस्तों के साथ मवेशी चराने गया था। इस दौरान जलस्तर बढ़ने से बच्चा टापू पर फंस गया।

### सिवनी में नदी में फंसे लोग, हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू

सिवनी जिले के केवलारी ब्लॉक में खरपडियां गांव में 6 लोग नदी के टापू पर फंस गए। जिन्हें हेलिकॉप्टर की मदद से रेस्क्यू किया गया। इसमें 1 महिला और 5 पुरुष शामिल हैं। बताया जा रहा है कि ये लोग मवेशी चराने गए थे। यहां अचानक नदी का जलस्तर बढ़ गया। जिससे ये टापू में फंस गए। मौके पर केवलारी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

नरसिंहपुर जिले में करीब साढ़े 8 इंच बारिश दर्ज की गई। यहां जबलपुर-इटारसी रेलवे ट्रैक पर बारुरेवा रेलवे पुल की मिट्टी में कटाव हो गया। इसके चलते कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट कर दिए गए। जबलपुर में हिरन नदी के तेज बहाव में एक पिकअप बह गई। भोपाल में भी सुबह से दोपहर तक रुक-रुक कर रिमझिम और तेज बारिश हुई।

### इन जिलों में भारी बारिश का अनुमान

गुरुवार को राजगढ़, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, सीधी, रीवा, सतना, डिंडोरी, सिवनी, बालाघाट और सागर में भारी बारिश होने का अनुमान है।

### ग्वालियर-चंबल में कहीं-कहीं बारिश

ग्वालियर और चंबल संभाग में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। बाकी संभाग के सभी जिलों में तेज और हल्की बारिश होने की संभावना है।

# देश के विभिन्न प्रदेशों के 100 से अधिक प्रशासनिक अधिकारियों ने देखा इंदौर का सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट

## सफाई व्यवस्था देखकर अफसर बोले लाजवाब है इंदौर का सफाई सिस्टम

### मेहमान अफसरों ने देवगुराडिया टैचिंग ग्राउण्ड स्थित बायो सीएनजी गैस प्लांट का भी अवलोकन किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर शहर के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को देखने देश के विभिन्न प्रदेशो व शहरो के जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा इंदौर में लगातार विजिट की जाती है, इसी क्रम में विगत दिवस इंदौर शहर में ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में इम्पलीमेंटेशन कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की कार्यशाला में आए विभिन्न प्रदेश के 100 से अधिक डिप्टी कमिश्नर, इंजीनियर के दल द्वारा इंदौर के सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट के साथ ही बायो गैस प्लांट का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, एनजीओ हयुमन मेटिक्स के कैप्टन सनप्रीत सिंह नेगी व अन्य उपस्थित थे। दौरे के दौरान मेहमान अफसरों ने सफाई व्यवस्था पर जमकर सराहना की।

विदित हो कि इम्प्लीमेंटेशन कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट की कार्य शाला में आए दल द्वारा सर्वप्रथम झोन क्रमांक 5 स्थित न्याय नगर में डोर टू डोर वाहन व 6 बिन कचरा के बारे में जानकारी दी गई वह साथ में रोड स्वीपिंग व होम कंपोस्टिंग जानकारी ली गई। इसके पश्चात समस्त दल के सदस्यो द्वारा देवगुराडिया टैचिंग ग्राउण्ड स्थित बायो सीएनजी गैस प्लांट का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण यंत्री श्री महेश शर्मा द्वारा बताया गया कि किस प्रकार से शहर से एकत्रित सेग्रीगेट कचरे के माध्यम से बायो सीएनजी गैस का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होने बताया कि इंदौर स्वच्छता में देश का नंबर 1 शहर है और यहां की जनता कितनी जागरूक है इसका साक्ष रहवासियों ने अतिथियों से मिलकर अपनी बातों के माध्यम से दिया। रहवासियों ने घर से निकलने वाले कचरे को 6 प्रकार से अलग अलग डस्टबिन में रख कर, साथ ही घर से निकलने वाले गीले कचरे को होम कम्पोस्टिंग बीन के माध्यम से खाद का उपयोग गार्डन में करने पर दल के सदस्यो द्वारा इंदौर के सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट की सराहना की गई।

# शासकीय जमीन पर बनी 6 दुकानों को निगम ने किया ध्वस्त

● धार रोड पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नगर निगम की रिमूव्हल टीम ने आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह के निदेर्शानुसार झोन क्रमांक 02 के अंतर्गत भवन स्वामी हसन आली खान एचआर टिंबर एंड प्लायवुड कंपनी 125 ए जीएनजटी मार्केट धार रोड पर ग्राम सिरपुर स्थित खसरा क्रमांक 505 की शासकीय भूमि पर किया गया अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

विदित हो कि राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी द्वारा सीमांकन उपरोक्त स्थल का मौका निरीक्षण किया गया तदउपरांत सीमांकन रिपोर्ट के अनुसार खसरा क्र. 505 ग्राम सिरपुर पर 157 बाय 48 फूट पर प्राचीन बावड़ी बनी हुई है एवं शेष शासकीय भूमि पर पूर्व दिशा में स्थित 06 दुकाने निर्मित थी, जिसे निगम व प्रशासन द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर रिमूव्हल कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार मल्हारगंज, राजस्व निरीक्षक, उपायुक्त श्रीमती लता अग्रवाल, रिमूव्हल विभाग के श्री अश्विनी जनवदे, झोन क्रमांक 02 भवन अधिकारी श्री धीरेन्द्र बायस, भवन निरीक्षक श्री विवेश जैन व अन्य उपस्थित थे।

# कलाकारों के हित में एकजुट हुईं शहर की महिलाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भारत में कलाकारों की कमी नहीं और हर प्रांत, हर अंचल की अपनी विशेष कला है। यदि इन कलाकृतियों तवज्जो दिया जाए तो न केवल कलाकारों को प्रोत्साहित किया जा सकता है बल्कि अपनी कला को बेहतर ढंग से औरों के समक्ष लाया भी जा सकता है। घर और ऑफिस की सजावट के लिए विदेश से कलात्मक वस्तुएं मंगवाने के बजाए हमें कोशिश करना होगी कि अपने ही देश के कलाकारों की कलाकृतियों का उपयोग किया जाए। यह बात इंदौर में बुधवार को पंचकन्या वेलफेयर सोसायटी और टैक्नोक्रेट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शहर की इंटीरियर डिजाइनर, आर्किटेक्ट और कला के संवर्धन के साथ उसे बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही महिलाओं ने भाग लिया। श्री मंगल नगर में हुए इस कार्यक्रम की आयोजक डा. समीक्षा नायक ने कहा कि हमें लोककला के संरक्षण के लिए प्रयास करना होगा। इस अवसर पर आर्किटेक्ट शीतल कापड़े, इंटीरियर डिजाइनर प्रगति जैन, इंटीरियर डिजाइनर वंदना गुजराती, आर्किटेक्ट दिप्ती जैन और आर्किटेक्ट स्नेहल सोनटाके भी उपस्थित थे।

## मालवा रत्न अवार्ड से सम्मानित हुए शरद जैन

इंदौर। राष्ट्रीय मासिक पत्रिका इंदौर धारा द्वारा पत्रकार शरद जैन को शॉल श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर मालवा रत्न से सम्मानित किया गया। शरद जैन मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ इंदौर जिला इकाई के उपाध्यक्ष हैं। सम्मान समारोह के अवसर पर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ इंदौर संभाग के अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला ,जिला अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह थनवार, महासचिव विद्युत प्रकाश पाठक, उपाध्यक्ष प्रवीण जोशी, राजेंद्र सिंह, सरिता शर्मा, सचिव रश्मि किंगरानी, बीके उपाध्याय, कोषाअध्यक्ष रूपेंद्र सिंह चौहान तथा वरिष्ठ सदस्य अशोक शर्मा मौजूद थे।

# मराठी समाज की दिंडी यात्रा आज निकलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आषाढ़ी एकादशी पर समग्र मराठी समाज, इंदुर की दिडी यात्रा 29 जून, गुरुवार की शाम को 6.30 बजे कृष्णपुरा छतरी से निकलेगी। यात्रा का यह18 वा आयोजन है। यह जानकारी संयोजक विनीता धर्म एवं कमलेश नाचन ने देते हुए बताया कि दिंडी यात्रा में गजासीन शनि मंदिर के दादू महाराज,अन्ना महाराज, रामचंद्र अमरतफले महाराज,प्रदीप तरानेकर महाराज,कोकजे महाराज, बर्वे महाराज सहित कई संत शामिल होगे। अलग अलग स्थानों से और भी यात्राएं आयेगी ,जो कृष्णपुरा छत्री से निकलने वाली दिंडी यात्रा में शामिल होगी। यात्रा में महिलाए नव वार की पोशाक में होगी जबकि पुरुष धोती,कुर्ता और टोपी में होगे।

# सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में आज एक अनूठा प्रकरण पहुंचा

● 90 वर्षीय पिता व 85 वर्षीय माता पुत्र की सेवा से संतुष्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सीनियर सिटीजन की समस्याओं के समाधान हेतु इंदौर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत का संचालन किया जा रहा है। जिसमे अति. पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्रीमती मनीषा पाठक सोनी के दिशा निर्देशन में वरिष्ठजनों की प्राप्त होने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जा रहा है। जिसके तहत ही वृद्धजनों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक बुधवार को काउंसलिंग की जाती हैं, जिसमे डॉक्टर आर डी यादव, पुरुषोत्तम यादव, श्रीमती शर्मिष्ठा दवे, बी.डी. कुशगोतिया, रमेश शर्मा, सन्नी मोदी की क्रियाशील टीम के द्वारा सतत रूप से सीनियर सिटीजन की समस्याओं का समाधान करने के लिए पूर्ण समर्पित भाव व तत्परता से कार्यवाही कर समाधान का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में प् आज एक महत्वपूर्ण प्रकरण में 85 वर्षीय वृद्धा निवासी अशोकनगर उनके एकमात्र पुत्र के साथ उपस्थित हुई। वृद्धा के 90 वर्षीय पति कालानी नगर में एक वृद्ध आश्रम में जीवन व्यतीत कर रहे हैं । वृद्ध की 7 बेटियों में से या किसी ने बढ़ा चढ़ाकर शिकायत उनके पिताजी के नाम से अति. पुलिस उपायुक्त मुख्यालय को पहुंचाई जिसमें उल्लेख किया गया था कि उनके भाई द्वारा माता पिता का भरण पोषण नहीं किया जा रहा है। वृद्ध के द्वारा जो वीडियो रिकॉर्डिंग पुलिस के माध्यम से पहुंचाई गई उसमें पूरी तरह से शिकायत आधारहीन पाई गई। उनके द्वारा यह कहा गया कि मैं यहां पर वृद्ध आश्रम में सुखी हूं, मेरा बेटा मजदूरी करता है और वृद्ध आश्रम में भी पूरी सहायता करता है, जो भी शिकायत की गई है वह किसी ने यू हीं बढ़ा चढ़ा कर कर दी है। उनकी धर्मपत्नी एवं पुत्र आज काउंसलिंग टीम के समक्ष उपस्थित हुए वृद्धा एवं उसके पुत्र के द्वारा जानकारी दी गई कि किसी ने पारिवारिक ईर्ष्या भाव के कारण उक्त आधारहीन शिकायत की गई है। वृद्ध माता ने बताया कि मेरे बेटे द्वारा मेरी पूर्ण सेवा की जाती है एवं मेरे पति का भी ख्याल रखा जाता है, कल ही मैं मेरे पति से वृद्ध आश्रम में मिलकर आई हूं। वृद्धा की सकारात्मकता एवं प्रसन्नता को देखकर सभी अभिभूत हुए कि - गरीब परिस्थिति में भी उनकी जबर्दस्त सकारात्मक सोच है।




# बैंक ऑफ महाराष्ट्र इंदौर अंचल की प्रथम आवासीय वित्त शाखा का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बैंक ऑफ महाराष्ट्र अंचल की 48 वीं शाखा आवासीय वित्त शाखा का शुभारंभ दिनांक 28 जून 2023 दिन बुधवार को बैंक ऑफ महाराष्ट्र एम जी रोड शाखा मैं इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के संस्थापक एवं अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र सिंह भदौरिया जी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बैंक ऑफ महाराष्ट्र इंदौर अंचल के अंचल प्रमुख श्री एम सत्यनारायणा और उप अंचल प्रमुख श्री अनुराग अनल के साथ गणमान्य ग्राहक गण और अंचल के अन्य अधिकारी और कर्मचारी गण भी उपस्थित थे।**

श्री भदौरिया जी ने इस नवीन शाखा के शुभारंभ पर बैंक को शुभकामनाए प्रेषित की। श्री सत्यनारायणा जी ने बताया कि यह शहर मे ग्राहक सेवा का एक नया आयाम गढ़ेगी। उन्होने यह भी बताया कि इस शाखा के द्वारा शाखा के ग्रह ऋण ग्राहकों को अच्छा प्रतिसाद मिलेगा जहां केवल आवासीय ऋण हेतु सभी सुविधाएं त्वरित रूप से प्राप्त होगी। शाखा प्रबंधक श्री नीरज श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में उपस्थित होने पर सभी अथितियो का आभार व्यक्त किया।

## हिन्दू स्वाभिमान यात्रा हुई संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर**। हम छोटे छोटे हिस्सों में बाटेंगे, लोग हमें छोटे छोटे टुकड़ों में बाटने की कोशिश करेंगे, जातियों के नाम पर हमें बरगलाने की कोशिश भी करेंगे, हो सकता है उससे आपका कोई व्यक्तिगत हित भी हो जाए लेकिन ये बात हमें ध्यान रखना होगी, कि मेरी एक ही जाति, मैं हिन्दू हूँ । यह बात मंच के अध्यक्ष सचिन बघेल ने महू में आयोजित स्वाभिमान यात्रा के अवसर पर कही। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा के पश्चात भी हमारी गतिविधियाँ सतत महू क्षेत्र में चलती रहेगी। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश खंडेलवाल ने किया । महू क्षेत्र में स्वाभिमान यात्रा निकाली गई मेरी एक ही जाति है, मैं हिन्दू हूं। अतिथियों का परिचय अमन प्रजापति व सोनू सोलंकी ने कराया तथा आभार शेरसिंह सोलंकी व रुपेश वाघमोडे ने माना। श्रीमती उमा गोयल, प्रीति खंडेलवाल, रेणु शुक्ला, जयश्री पाटीदार, माया गिरवाल, रोमा बजाज समेत मातृशक्ति का विशेष सहयोग रहा एवं सैकड़ो की संख्या में हिन्दू स्वाभिमान मंच के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्य अभियंता ने किया पीथमपुर की बिजली व्यवस्था का निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के निर्देश पर आपूर्ति व्यवस्था की सघन देखरेख एवं गुणवत्ता सुधार के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार की शाम इंदौर क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एसआर बमनके ने पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के ग्रिडों एवं कार्यालयों का दौरा किया। उन्होंने 220 केवी, 132 केवी के अतिउच्च दाब केंद्रों से 33 केवी, 11 केवी के फीडरों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। श्री बमनके ने कहा कि आपूर्ति चौबीसों घंटे सुचारू रहे। यदि आपूर्ति में मौसम बिगड़ने या अन्य आकस्मिकता के कारण व्यवधान आए तो कम से कम समय में सुधार हो। उद्योगों के संचालकों एवं अन्य उपभोक्ताओं को समय पर सूचना भी दी जाएं। उपभोक्ता सेवाओं पर गंभीरता से कार्य किया जाए। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता डॉ. डीएन शर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री टीसी चतुर्वेदी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# प्राधिकरण के स्टार्टअप पार्क में भी आईटी कम्पनियों को मिलेगी जगह

## एक करोड़ स्क्वेयर फीट निर्मित क्षेत्र विकसित होगा आईटी सेक्टर में...

● **इंदौर-पीथमपुर कॉरिडोर में भी एयरो सिटी की प्लानिंग**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चुनाव से पहले प्रदेश शासन नई आईटी पॉलिसी घोषित करेगा, जिसका प्रारुप अभी तैयार किया गया है और विभागीय मंत्री ने इसकी समीक्षा भी की। इंदौर सहित प्रदेशभर में आईटी सेक्टर के लिए विकसित किया जाएगा, ताकि छोटी-बड़ी कम्पनियों को काम करने के लिए जगह मिल सके। 2 लाख नई आईटी नौकरियों के साथ-साथ 10 हजार करोड़ तक का नया निवेश हो सकेगा।**

एमपीआईडीसी अभी खंडवा रोड स्थित अपने मौजूदा आईटी पार्क परिसर के पीछे खाली पड़ी 5 एकड़ जमीन पर तीसरा नया आईटी पार्क निर्मित भी करवा रही है, जिसके 430 करोड़ के टेंडर कुछ समय पूर्व मंजूर किए जा चुके हैं। वहीं प्राधिकरण के प्रस्तावित स्टार्टअप पार्क में भी आईटी कम्पनियों के लिए प्रावधान किया जा रहा है।

### आईटी कम्पनियों के लिए रहेंगे विशेष प्रावधान

यहां तक कि प्राधिकरण द्वारा भी सुपर कॉरिडोर पर 21 एकड़ में जो स्टार्टअप पार्क निर्मित करवाया जा रहा है उसमें भी आईटी सेक्टर के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। फाइव स्टार होटल, शॉपिंग मॉल, कन्वेंशन सेंटर, पार्किंग कॉम्पलेक्स के साथ स्टार्टअप और आईटी कम्पनियों को यहां निर्मित जगह उपलब्ध कराई जाएगी। इतना ही नहीं, एमपीआईडीसी जो इंदौर-पीथमपुर कॉरिडोर बना रहा है उसमें भी एयरो सिटी की प्लानिंग की गई है और उसमें भी डाटा सेंटर, मीडिया पार्क, फिल्म, फिन्टैक सिटी, होटल सहित आईटी कम्पनियों के लिए भी प्रावधान किए जा रहे हैं।

### एयरपोर्ट के पास एयरो सिटी की प्लानिंग

वहीं खंडवा रोड स्थित आईटी पार्क तो सुपरहिट है ही, वहीं सिंहासा में भी आईटी पार्क निर्मित किया गया है। 5 एकड़ जमीन पर तीसरा नया आईटी पार्क भी 21 मंजिला ऊंचा बनाया जा रहा है। कुछ समय पूर्व ही रायपुर की डीवी कम्पनी को इस आईटी पार्क के निर्माण का ठेका दिया गया है। यहां पर भी डाटा सेंटर, होटल के साथ पार्किंग कॉम्प्लेक्स की सुविधा रहेगी, तो दूसरी तरफ जो 3200 एकड़ का इकोनॉमिक कॉरिडोर है उसमें भी एयरपोर्ट के पास एयरो सिटी की प्लानिंग की जा रही है। इसमें भी आईटी सेक्टर को विशेष तवज्जो दी जाएगी, क्योंकि इंदौर एयरपोर्ट से इस कॉरिडोर के साथ-साथ पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र की भी सीधी और आसान कनेक्टीविटी है, तो दूसरी तरफ इंदौर-अहमदाबाद हाईवे के साथ-साथ आगरा-मुंबई हाईवे भी राऊ-पीथमपुर रोड के जरिए इससे सीधा जुड़ेगा। कल भोपाल में प्रस्तावित आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम पॉलिसी की समीक्षा विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने की। उन्होंने बताया कि राज्यभर में मॉडर्न आईटी पार्क प्लग एंड प्ले सहित रेडी टू बिल्ट फैक्ट्रियां तैयार की जाएंगी।

## दो दिवसीय चिन्तन यज्ञ का आयोजन 1जुलाई से

इंदौर। डा हेडगेवार स्मारक समिति के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय चिन्तन यज्ञ का आयोजन आगामी 1व 2 जुलाई को होगा । दोनो दिन कार्यक्रम स्थल डेली कालेज सभागृह, इन्दौर रहेगा तथा समय सायं 6:00 से रहेगा । व्याख्यान माला के पहले दिन 1 जुलाई को विषय - सिने जगत की समाज परिवर्तन में भूमिका पर वक्ता रहेंगे केरला स्टोरी के फिल्म निदेशक सुदीप्तों सेन । इसी कड़ी में व्याख्यान माला के दूसरे दिन 2 जुलाई को विषय रहेगा - शिवराज्याभिषेक का संदेश तथा उद्बोधन कर्ता रहेंगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबाले।

# फ्लायओवर ब्रिज निर्माण क्षेत्र में आने वाली बाधाओं को शीघ्र दूर करें

## कलेक्टर ने आईडीए, नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से की चर्चा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने आज इंदौर शहर में बनने वाले फ्लायओवर ब्रिज के संबंध में आईडीए, नगर निगम, पुलिस, जल संसाधन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि इंदौर शहर में फूटी कोठी चौराहा, खजराना, भंवरकुंआ और लवकुश चौराहा में फ्लायओवर ब्रिज बनाये जाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि फ्लायओवर निर्माण क्षेत्र में आने वाली बाधाओं को शीघ्र दूर करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि निर्माण क्षेत्र में लगी दुकानों, गुमटियां आदि को शीघ्र हटवाया जाये। निर्माण क्षेत्र के अतिक्रमण को हटाकर भूमि रिक्त करायें।

जमीन की खुदाई के दौरान पाईप लाइनों का ध्यान रखें। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने कहा कि फ्लाईओवर स्थल पर जल निकासी के उचित प्रबंध किये जाएं, जिससे बाद में दिक्कत न आए। उन्होंने फ्लायओवर ब्रिज के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह, आईडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# प्रभारी मंत्री डॉ. मिश्रा ने दो नवनिर्मित पुलिस थाना भवनों का किया लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले के प्रभारी तथा गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा बुधवार को इंदौर आये थे। मंत्री डॉ. मिश्रा ने नवनिर्मित एमजी रोड पुलिस थाना भवन और हीरानगर पुलिस थाना भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री आकाश विजयवर्गीय, पुलिस आयुक्त श्री मकरंद दुउस्कर, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री मनीष कपूरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। मंत्री डॉ. मिश्रा ने विधि विधान से थाना परिसर



में पूजन अर्चन कर भवनों का लोकार्पण किया। उन्होंने नवनिर्मित भवनों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लाड़ली लक्ष्मियों को उपहार भी वितरित किये।

# कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने निराश्रित बच्चों को लीगल गार्जियनशीप के प्रमाण पत्र वितरित किये

**इंदौर।** कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने आज श्री युगपुरुष धाम बौद्धिक विकास केंद्र के निराश्रित 31 बच्चों को लीगल गार्जियनशीप के प्रमाण पत्र वितरित किये। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि केन्द्र के सभी बच्चों को शासकीय योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की प्रतिभाओं को देखा और प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने आमजन से भी अपील की है कि वे इन



दिव्यांग बच्चों से मिलें और उनका मनोबल बढ़ाएं। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री तुलसी सदीजा, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती सुचिता बेक तिर्की, बाल कल्याण समिति के श्री धर्मेंद्र पांड्या, संस्था की प्राचार्य डॉ. अनिता शर्मा सहित स्टॉफ के शिक्षक-प्रशिक्षक उपस्थित थे।



### पीसीसी दफ्तर में बकरे की कुर्बानी की मांग

# ओवैसी की पार्टी का दिग्विजय को पत्र, लिखा-वहां हनुमान चालीसा पढ़ी जा सकती है, नमाज क्यों नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। ईद के मौके पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के दफ्तर में बकरे की कुर्बानी और नमाज अदा करने की परमिशन मांगी गई है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन ने कांग्रेस के सीनियर नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह को इसके लिए पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि पीसीसी दफ्तर में हनुमान चालीसा पढ़ी जा सकती है तो नमाज क्यों नहीं?**

गुरुवार को देशभर में ईद-उल-अजहा मनाई जाएगी। इससे एक दिन पहले बुधवार को भोपाल में सचिव तौकीर निजामी ने पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह को पत्र भेजा है। इसमें निजामी ने लिखा है- मोहब्बत की दुकान मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ऑफिस पर कुर्बानी और ईद की विशेष नमाज अदा की जाएगी।

हालांकि, कांग्रेस ने उनकी मांग का जवाब देने से भी इनकार कर दिया है। पार्टी की तरफ से कहा गया है कि निजामी इतने बड़े नेता नहीं हैं कि कांग्रेस उनको जवाब दे। वहीं, बीजेपी नेता व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मामले को लेकर कांग्रेस पर तंज कसा है।

नरोत्तम ने कहा, ह्ययह तो होना ही था। चचाजान आप हिंदू और हिंदुत्व का हलाला करते रहे। अब आपसे बकरे की हलाली की डिमांड आ गई। छद्म धर्मनिरपेक्षता का जो चोला ओढ़े हुए हैं, उसी को ओढ़कर आप हिंदुत्व और हिंदू को नकारते हैं। यह तो दिग्विजय सिंह आपके संग होना ही था। कहावत है- ह्यन खुदा मिला न विसाले सनम, न इधर के रहे न उधर के हम। अब उस सवाल का जवाब दें, जो एआईएमआईएम ने पूछा है।

## मध्यप्रदेश कांग्रेस हार्ड हिंदुत्व पर चल रही

निजामी ने पत्र में लिखा है- राहुल गांधी ने देश में नफरत खत्म करने के लिए मोहब्बत की दुकान खोली है। मध्यप्रदेश कांग्रेस हार्ड हिंदुत्व पर चल रही है। एक धर्म विशेष के आयोजन पीसीसी दफ्तर में हो रहे हैं। दफ्तर को कभी भगवामय किया जाता है तो कभी कमलनाथ जी यहां देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापित करते हैं। कभी हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। आप बिल्कुल करो। हमको ऐतराज नहीं है, लेकिन मुस्लिम समाज को वोट के नाम पर इमोशनल ब्लैकमेल करना बंद कर दीजिए।

## कुर्बानी के लिए बकरा भी तैयार कर लिया

सचिव निजामी ने कुर्बानी के लिए बकरा भी तैयार कर लिया है। उन्होंने कहा- कांग्रेस किसी एक धर्म विशेष के लिए ही सेकुलर हुई है। अगर इजाजत मिलती है, तो बकरा भी तैयार है। उन्होंने बकरे के साथ वीडियो भी भेजा है। हालांकि, मामले में कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा- जिन्होंने भी पत्र लिखा है, वे इतने बड़े नेता नहीं कि उस पर कांग्रेस जवाब दे।

## भाजपा ने मांग को बताया जायज

भाजपा के प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने ट्वीट कर कहा है कि पीरजादा तौकीर निजामी की मांग जायज है। अगर कांग्रेस खुद को धर्म निरपेक्ष बताती है। कांग्रेस मुस्लिमों को वोट बैंक समझती है। देखने में आया है कि पीसीसी में हनुमान चालीसा का पाठ हुआ है, उसे भगवामय किया गया, तब से वे मुस्लिमों को तवज्जो नहीं दे रही।

# भाजपा नेता का ऑफिस गिराने बुलडोजर लेकर पहुंचे कांग्रेसी

**● छात्रा की गोली मारकर हत्या का आरोप; दफ्तर और घर गिराने की मांग**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में छात्रा की हत्या के आरोपी भाजपा नेता का ऑफिस और घर गिराने युवा कांग्रेसी बुलडोजर लेकर पहुंचे। हालांकि, कुछ देर धरना - प्रदर्शन करने के बाद कांग्रेस नेता वापस लौट गए। कांग्रेस ने इसे अपना सांकेतिक प्रदर्शन बताया। पहले दावा था कि कांग्रेस भाजपा नेता के घर पर बुलडोजर चलाएगी। आरोपी को पुलिस जेल भेज चुकी है, लेकिन युवा कांग्रेस उसके घर और ऑफिस पर बुलडोजर चलाने की मांग पर अड़े हैं। युवा कांग्रेस की ओर से शहर में इसे लेकर एक दिन पहले यानी मंगलवार को पोस्टर्स भी लगाए गए थे।

कांग्रेस का कहना है कि जिस तरह प्रशासन आम अपराधियों के साथ बर्ताव करता है, वही सलूक छात्रा को गोली मारने वाले के साथ किया जाए। उसका मकान जमींदोज किया जाए। कांग्रेस अपनी मांग को लेकर जस्टिस फॉर वेदिका कैम्पेन भी चला रही है।

जबलपुर में भाजपा नेता प्रियांश विश्वकर्मा के गोली मारने से घायल छात्रा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। वह पिछले 10 दिन से अस्पताल में भर्ती थी। पीठ में गोली फंसी होने के कारण उसके शरीर में जहर फैल गया था। छात्रा की मौत के बाद पुलिस ने प्रियांश के खिलाफ दर्ज एफआईआर में हत्या की धारा 302 बढ़ा दी है। परिजन ने भी आरोपी को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की है।

## पोस्टर में लिखा- युवा कांग्रेस चलाएगी बुलडोजर

यूथ कांग्रेस के नगर अध्यक्ष जितिन राज, प्रदेश महासचिव सौरभ शर्मा और सैकड़ों कार्यकर्ता गंगानगर के पास आरोपी के ऑफिस पहुंचे। मंगलवार को ही यूथ कांग्रेस की ओर से पोस्टर्स भी लगवाए गए थे। इसमें लिखा है- वेदिका सिंह के हत्यारे भाजपा नेता प्रियांश के घर पर क्यों नहीं चल रहा बुलडोजर। यह भी लिखा है- अपराधियों से मोह एवं हत्यारे भाजपा नेता को संरक्षण दे रहे हैं मुख्यमंत्री। युवा कांग्रेस चलाएगी हत्यारे नेता के घर बुलडोजर।

## भाजपा नगर अध्यक्ष बोले, निर्देश पर कार्रवाई करेंगे

जबलपुर भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू का अभी भी वही कहना है कि आरोपी प्रियांश पार्टी में किसी पद पर नहीं है। गाड़ी में भाजपा का झंडा लगाने पर उन्होंने कहा कि कोई भी लगा सकता है। हालांकि, एक अपराधी द्वारा पार्टी के नाम और झंडे के गलत इस्तेमाल पर एफआइआर करवाने के सवाल पर भाजपा नगर अध्यक्ष का कहना है कि वो प्रदेश संगठन के निर्देश पर ही कोई कार्रवाई करेंगे।

# शिप्रा नदी में केमिकल की मिलावट की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई

**●टीन का गोदाम और भूमिगत पाइप लाइन को तोड़ा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के मार्गदर्शन में एसडीएम धीरेंद्र पाराशर के नेतृत्व में ग्राम रलायता भोजा में मौके पर सर्वे नंबर 164/2 में स्थित टीन के गोदाम को बुधवार को जेसीबी द्वारा तोड़ दिया गया है। साथ ही शेड के अंदर स्थित भूमिगत पाईप लाइन को भी तोड़ दिया गया है।**

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व शिप्रा नदी में केमिकलयुक्त पानी छोड़े जाने की शिकायत समीप के ग्रामवासियों द्वारा की गई थी। उनके मवेशियों को क्षति पहुंची थी। इस शिकायत पर बुधवार को प्रशासन की ओर से उक्त स्थान का मौका निरीक्षण कर कठोर कार्रवाई की गई। साथ ही उक्त भूमि के स्वामी दिनेश पिता रमेश शर्मा, कमल पिता गणपतराव गोखले और मनिंदर सिंह पिता हरवंश सिंह के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मौके पर टीन शेड से होकर भूमिगत पाईप लाइन लगभग 10 से 12 फीट तक नदी किनारे तक स्थित है।

ग्रामवासियों के द्वारा बताया गया कि पाईप लाइन से नदी में किसी प्रकार का कोई हानिकारक रसायन छोड़ा गया, जिस कारण से गांव में जीव-जन्तु और मवेशी के पानी से सम्पर्क में आने पर उनके शरीर की चमड़ी गल गई और निकल रही है। इस दौरान मौके पर अपर तहसीलदार टप्पा पानबिहार तहसील घट्टिया मोहम्मद इरशाद एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## नगर निगम ने महाकाल क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** नगर निगम द्वारा बुधवार को निगमायुक्त रोशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार महाकाल क्षेत्र अंतर्गत शेर चौराहा, नृसिंह घाट, बड़ा गणेश, हरसिद्धि की पाल क्षेत्रों से अवैध अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अनाउंसमेंट भी कराया गया कि यदि 2 दिन की समयावधि में संबंधित क्षेत्र से अतिक्रमण नहीं हटाया गया या हटाने के बाद पुनः अतिक्रमण किया जाता है तो निगम द्वारा सामान भी जप्त कर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

# मेडिकल स्टूडेंट सृष्टि यादव को मिली डिग्री

## बताया रूस-यूक्रेन युद्ध का मंजर, बोली-एग्जाम के बीच होते हमले, बंकर में छिपकर बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी। बड़वानी की सृष्टि यादव ने रूस-यूक्रेन युद्ध और कोरोना काल के बीच अपनी 6 साल की मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर ली है। बीते 23 जून को सृष्टि यादव को डेनिप्रो मेडिकल यूनिवर्सिटी से डॉक्टर ऑफ मेडिसिन में डिग्री मिली है। सृष्टि उन बाकी भारतीय स्टूडेंट्स में शामिल है जिन्होंने बमबारी, गोला-बारूद और तबाही के युद्ध के बीच यूक्रेन में दिन गुजारे। सृष्टि ने 6 साल की पढ़ाई के 5वें और 6वें साल में भारी मुसीबतें उठाकर अपनी पढ़ाई पूरी की।**

पढ़ाई का 5वां साल यानी 24 फरवरी 2022 का दिन जब एग्जाम और रूस-यूक्रेन के बीच भीषण युद्ध दोनों एक साथ शुरू हो गए। इस दौरान स्टूडेंट्स ने युद्ध के बीच जान को जोखिम में डालकर एग्जाम दी, लेकिन इसके तुरंत बाद भारत के स्टूडेंट्स के लिए एक अच्छी खबर आई। जब भारत सरकार ने वंदे भारत मिशन लॉन्च किया। इसके तहत यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे तमाम भारतीय छात्रों को अपने वतन वापस आने का एक मौका मिला। भारतीयों के दल में बड़वानी की सृष्टि भी सकुशल अपने वतन, अपने शहर बड़वानी लौट आई।

फिलहाल सृष्टि यादव यूक्रेन में ही है। डिग्री मिलने के बाद उनके माता-पिता बेहद खुश हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस से वे सृष्टि से बात करते है। सृष्टि ने अपने अनुभव वीडियो शेयर करके बताए हैं।

### कूनो में भिड़े 4 चीते, एक घायल

# अग्नि-वायु ने गौरव-शौर्य पर हमला किया, टेरेटरी फाइट में अग्नि चीता घायल

**श्योपुर।** श्योपुर कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल में जोड़े में रहने वाले अग्नि-वायु और गौरव-शौर्य के बीच टेरेटरी फाइट हो गई। मंगलवार को चीतों के बीच हुई इस फाइट में अग्नि चीता घायल हुआ है। डॉक्टरों की निगरानी में रखकर उसे उपचार दिया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि जंगल में अग्नि और वायु एक साथ रहते हैं। उधर, गौरव और शौर्य भी सगे भाई हैं, जो हमेशा एक साथ दिखते हैं। नामीबियाई चीते गौरव और शौर्य मस्त रहने वाले चीते हैं, लेकिन दक्षिण अफ्रीका से लाए गए अग्नि और वायु ज्यादा तेज तर्रार हैं। वह अपने इलाके में किसी का भी दखल या मूवमेंट बर्दाश्त नहीं करते। मंगलवार को चीतों का आमना-सामना हो गया। हर बार की तरह अग्नि और वायु ने गौरव और शौर्य पर अटैक कर दिया। गौरव और शौर्य ने जवाब दिया तो अग्नि चीता घायल हो गया। वायु को हल्की चोट आई है। बता दें, यह वही अग्नि और वायु है, जिन्होंने पूर्व में हमला कर एक चीते को गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

सीसीएफ उत्तम शर्मा ने बताया कि वायु को मामूली चोट आई है। उसे ज्यादा दिक्कत नहीं है। फिर भी उसे अग्नि के साथ क्वारंटाइन बाड़े में रखा गया है। अग्नि और वायु चीते हमेशा साथ रहते हैं। शिकार को भी मिल बांट कर खाते हैं। जब भी किसी और जानवर से टकराव होता है तो दोनों मिलकर उस पर अटैक करते हैं। इसलिए इन दोनों चीतों को बाड़े में साथ रखा गया है। चीतों को कूनो के खुले जंगल में छोड़ दिया गया है। इनमें से कुछ ने अपनी टेरेटरी बना ली है।

घायल अग्नि चीता डॉक्टरों की निगरानी में है। वह कब तक स्वस्थ होगा, यह डॉक्टर अभी नहीं बता पा रहे हैं। गौरव और शौर्य चीते पूरी तरह से स्वस्थ हैं, जो अभी भी खुले जंगल में हैं।



MORARI BAPU

## ज़िन्दगी अच्छी जीने के लिए रियाज़ नहीं हो सकता, पल पल जीना पड़ता है

( Manas Paramhans )

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### गवरी देवी



**(जन्म- 14 अप्रैल, 1920; मृत्यु- 29 जून, 1988)**
राजस्थान की प्रसिद्ध लोक गायिका थीं। उन्होंने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मांड गायकी का जादू बिखेरा। अपनी खनकदार गायकी से गवरी देवी ने देश-दुनिया में अपनी पहचान बनाई थी। गवरी देवी को 'मरु कोकिला' के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त है।गवरी देवी के पिता का नाम बंशीलाल पवार तथा माता का नाम जमुना देवी पवार था। बंशीलाल जी तथा जमुना देवी दोनों ही बीकानेर के शाही परिवार में राजदरबारी गायक के रूप में गायन करते थे। 20 वर्ष की आयु में गवरी देवी का विवाह मोहन लाल गामेटी के साथ हुआ, जो जोधपुर में एक जागीरदार थे। मांड गायकी के अतिरिक्त गवरी देवी ठुमरी, भजन तथा ग़ज़ल गायन भी करती थीं।

## संपादकीय

### हिचक रहा पाकिस्तान

अपने साथ होने वाले मैचों में जिन स्थलों पर पाकिस्तान को आपत्ति हो रही थी, वहां अगर वह नहीं होता तो किसी न किसी टीम को होना ही था। लेकिन पाकिस्तान की समस्या यह है कि उसे भारत की मेजबानी में हो रही प्रतियोगिता में हारना पसंद नहीं है, इसलिए वह किसी खास पिच पर खेलने से हिचक रहा है। यह अपनी ही कमजोरी को सार्वजनिक करना है। गौरतलब है कि इस साल भारत की मेजबानी में खेले जाने वाले एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप मैचों का कार्यक्रम मंगलवार को जारी किया गया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद यानी आइसीसी और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ की ओर से जारी कार्यक्रम के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी ने अफगानिस्तान के खिलाफ अपने मैच को चेन्नई से बंगलुरु और आस्ट्रेलिया से अपने मैच को बंगलुरु से चेन्नई में पुनर्निर्धारित करने के लिए कहा था। माना जाता है कि चेन्नई में निर्धारित मैदान की पिच स्पिनरों के लिए मददगार होती है। पाकिस्तान टीम प्रबंधन को यह डर था कि अगर उस मैदान पर शानदार स्पिन गेंदबाजों से लैस अफगानिस्तान टीम से उसका सामना होता है तो उसे नुकसान हो सकता है। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान की हठधर्मिता एक विचित्र रूप में सामने आ रही है और इसकी वजह से वह एक अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में अपने मुताबिक जगह बदलने जैसी हास्यास्पद मांग करने से नहीं हिचक रहा है। जाहिर है, यह ऐसी मांग थी जिसे केवल बचकाना और नाहक भय का नतीजा कहा जा सकता था। यह बेवजह नहीं है कि मैचों के कार्यक्रम और स्थलों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से उठाई गई तमाम आपत्तियों को आइसीसी ने खारिज कर दिया। यह एक तरह से पाकिस्तान की दोहरी फजीहत है, जिसमें उसके भीतर का डर भी सामने आया। अपनी टीम की क्षमता में सुधार और उसे किसी भी मैदान पर सामना करके जीतने लायक बनाने के बजाय पिच की वजह से स्थल बदलने की मांग उसकी सीमा को ही दर्शाती है। लेकिन इसके बाद अब पीसीबी की ओर से एक समस्या यह रख दी गई विश्व कप में हमारा खेलना और अहमदाबाद में या सेमीफाइनल में पहुंचने पर मुंबई में खेलना पाकिस्तान सरकार से मंजूरी मिलने पर निर्भर करता है। सवाल है कि पाकिस्तान टीम प्रबंधन के भीतर चल रहा यह द्वंद्व आखिर किस तरह के आग्रहों का नतीजा है! विश्वकप जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन में मैचों के लिए कार्यक्रम या स्थल को निर्धारित करते हुए किसी खास देश को लेकर रणनीति बनाने जैसी बातें ध्यान में नहीं रखी जाती हैं।

### अर्ज किया है..!

*सियाह रात नहीं लेती*
*नाम ढलने का*
*यही तो वक़्त है सूरज*
*तिरे निकलने का*

- शहरयार

## धर्म-कर्म

# आज से देवउठनी एकादशी तक राशिनुसार करें ये आसान उपाय, श्रीहरि आपके हर कष्ट का करेंगे निवारण

साल 2023 के अधिक मास का असर चातुर्मास पर भी पड़ेगा। इसका मतलब है कि चातुर्मास 4 के बजाय लगभग 5 महीने तक चलेगा। दूसरे शब्दों में, चातुर्मास 30 जून को देव शयनी एकादशी के साथ शुरू हो गया है और 23 नवंबर को देव उठनी एकादशी के साथ समाप्त होगा। देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु पाताल लोक में शयन करने जाते हैं और देवउठनी एकादशी के दिन शयन अवस्था से बाहर आते हैं। शास्त्रों में चार्तुमास की अवधि भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए शुभ मानी जाती है। मान्यता है कि इस देवशयनी एकादशी से लेकर चार्तुमास खत्म होने यानी देवउठनी एकादशी तक राशिनुसार कुछ उपायों को करने से श्रीहरि की कृपा से जीवन में किसी चीज की कमी नहीं रहती है।



### मेष राशि

मेष राशि के जातकों को जीवन में सफलता पाने के लिए विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना चाहिए। इससे आपको समस्याओं से बाहर निकलने में मदद मिलेगी।

### वृषभ राशि

भगवान विष्णु को पंजीरी और चरणामृत का भोग लगाएं। भोग लगाते समय तुलसी के पत्ते अवश्य डालें क्योंकि तुलसी भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय मानी जाती है।

### मिथुन राशि

मिथुन राशि के जातक भगवान विष्णु के साथ-साथ देवी लक्ष्मी की भी पूजा करेंगे तो उनके सभी रुके हुए काम आसानी से पूरे हो जाएंगे।

### कर्क राशि

कर्क राशि के जातकों को पानी में गंगाजल और कच्चे दूध की कुछ बूंदें डालकर स्नान करना चाहिए। ऐसा करने से स्वास्थ्य संबंधी सभी परेशानियां आसानी से दूर हो सकती हैं।

### सिंह राशि

सिंह राशि के जातकों को शंख में गंगा जल भरकर भगवान विष्णु को स्नान कराना चाहिए। साथ ही देवी लक्ष्मी को कमल अर्पित करें और 'ओम नारायणाय नमः' मंत्र का जाप करें। उपाय करने से धन लाभ की संभावना काफी बढ़ जाती है।

### कन्या राशि

अगर कुंडली में ग्रहों की स्थिति खराब है तो कन्या राशि वालों को भगवान विष्णु की पूजा करते समय विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना चाहिए। उपाय से जीवन में सफलता मिलने की संभावनाएं बढ़ती हैं और ग्रह स्थितियों में भी सुधार होगा।

### तुला राशि

तुला राशि के जातकों को मंदिर में पीली वस्तुएं दान करनी चाहिए और चावल से बनी चीजें खाने से भी परहेज करना चाहिए। इसके अलावा, सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिए उसी दिन गरीबों को भोजन कराएं।

### वृश्चिक राशि

वृश्चिक राशि के जातकों को सूर्य को रोली अर्पित करनी चाहिए और साथ ही 'ओम सूर्याय नमः' मंत्र का जाप भी करना चाहिए। यह उपाय आपके करियर में सफलता के द्वार खोल देगा।

### धनु राशि

धनु राशि के जातकों को गाय को हरा चारा खिलाना चाहिए और भगवान विष्णु को चने का भोग लगाना चाहिए। यह आपके धन को बढ़ाने में योगदान देगा।

### मकर राशि

मकर राशि के जातकों को जल में हल्दी मिलाकर सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए। साथ ही पक्षियों को दाना डालें और ऐसा करने से आपको आर्थिक जीवन में आ रही सभी परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है।

### कुंभ राशि

कुंभ राशि वालों को मां लक्ष्मी को सफेद मिठाई या खीर का भोग लगाकर और भगवान विष्णु को नारियल का भोग लगाकर पूजा करनी चाहिए। ऐसा करने से आपके खाते में पैसा आने की संभावना बढ़ जाती है।

### मीन राशि

मीन राशि के जातकों को इस दिन भगवान गणपति की विधिवत पूजा करनी चाहिए और घर में सत्यनारायण की कथा करानी चाहिए। साथ ही 'ओम विष्णवे नमः' मंत्र का जाप करें। ऐसा करने से जीवन की सभी परेशानियों से छुटकारा मिल जाएगा।

## Highlights

1. **Rainfall lashes parts of Delhi-NCR, pics surface**
2. **Apple share price hits record high, market value nears $3 trillion**
3. **PM, Tripura CM announce compensation for rath accident victims**
4. **Offer namaz only in mosques, not on streets: Lucknow Eidgah Imam**
5. **UN drops India from its report on impact of armed conflict on children after 12 yrs**
6. **Which are the 30 minerals on govt's 1st-ever list of Critical Minerals ?**

# Rupee reserves depleting, Iran struggles to import from India



NEW DElHI, (Agency). India faces the possibility of losing one of its largest markets for basmati rice exports, Iran, following the depletion of rupee reserves held by the West Asian nation in recent weeks, people familiar with the matter said on Wednesday.

The issue has also hit the export of other commodities such as tea and pharmaceuticals to Iran, the people added. Iran has been paying for imports by using rupee reserves built up from oil exports to India, before New Delhi stopped buying Iranian crude in mid-2019 because of US sanctions on Tehran.

While the Iranian side has been working on ways to resume basmati rice imports from India, importers in that country have begun exploring the option of increasing rice procurements from other producers such as Pakistan, Turkey and Thailand, the people said.

Iran imported almost a million tonnes of the aromatic rice from India in 2022-23, 20.35% of the total basmati exports of 4.5 million tonnes from the country.

Two persons, who spoke on condition of anonymity, said India-Iran trade has fallen sharply since 2019-20 after New Delhi stopped buying Iranian crude in May 2019. Till then, Iran was among the top three suppliers of energy to the country, along with Saudi Arabia and Iraq.

"It seems Iran has exhausted all its rupee reserves, and thereby trade in local currencies of the respective countries is not possible," one person said.

A second person, an expert on India's currency management, said: "As far as I know, there may not be any trade in local currencies (rupee-rial trade)."

The Iranian side flagged the issue to the Indian side in several recent meetings and offered to resume oil exports as a way to build up rupee reserves held in India, the people said. The Iranian side also pointed to India's purchase of Russian crude in the face of Western sanctions and contended New Delhi should adopt a similar approach to resuming procurement of Iranian energy, the people added.

Iran has been either the largest or second-largest importer of Indian basmati since 2014-15, according to government data. It was the largest importer of the commodity in 2017-18, 2018-19, 2019-20 and 2021-22. Iran imported 935,567 metric tonnes of basmati in 2014-15, and the amount peaked in 2018-19 at 1.4 million metric tonnes. The figure for 2022-23 was 998,879 metric tonnes. Iran was the fourth largest buyer of Indian tea during 2022-23, with imports worth $68 million.

According to official data, India's trade with Iran fell sharply in 2019-20, compared to the previous fiscal. Imports, mainly Iranian crude, fell about 90% to $1.4 billion, as compared to $13.53 billion in 2018-19. The year-on-year fall was not that sharp (less than 5%) for India's exports to Iran, which were worth $3.37 billion in 2019-20, compared to $3.51 billion in FY19.

# TCS roll-out moved to Oct 1 amid pushback

**NEW DElHI, (Agency).** Experts said the government's statement is still ambiguous in intent and it appears that it is merely postponing a problem instead of resolving it conclusively.

The government on Wednesday "suspended" its decision to charge up to 20% TCS (tax collected at source) on foreign remittances through credit cards under the liberalised remittance scheme (LRS), days before the July 1 deadline for the roll-out of the controversial levy.



The finance ministry, however, said in the statement that the decision to postpone the May 16 notification was to "give adequate time to banks and card networks to put in place requisite IT-based solutions" in case of higher TCS rates.

The finance ministry, however, said in the statement that the decision to postpone the May 16 notification was to "give adequate time to banks and card networks to put in place requisite IT-based solutions" in case of higher TCS rates.

It also deferred the implementation of a higher TCS rate up to 20% on foreign remittances under the LRS for various purposes through different modes, including tour expenses, by another three months. The new rates will kick in from October 1 instead of July 1, according to a finance ministry statement.

Responding to criticism by experts of the controversial tax that neither "overtly" served the purpose of raising revenue (as, in principle, the TCS was to be refunded) nor supported the government's "ease of living" motto, the finance ministry deferred the implementation of revised rates on foreign remittances and suspended its decision to include credit card payments in the existing LRS limit of $250,000 a year, two people aware of the development said requesting anonymity.

## Jammu & Kashmir1

# लखनपुर से पवित्र गुफा तक 70 हजार जवानों की तैनाती, यात्रियों को जेड प्लस जैसी सुरक्षा

**जम्मू, (एजेंसी)** श्री अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से शुरू होने जा रही है। इसके लिए अचूक सुरक्षा कवच तैयार कर लिया गया है। जमीन से आसमान तक भक्तों की निगरानी होगी। पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 70 हजार जवानों को लखनपुर से पवित्र गुफा तक तैनात किया गया है। नाइट विजन यंत्र, स्नाइपर्स, ड्रोन सिस्टम, बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वॉड और काउंटर-आईईडी उपकरण बहुस्तरीय निगरानी सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा होगी।

इस वर्ष यात्रा अवधि 62 दिन की है। इसे देखते हुए सुरक्षाबलों की 700 कंपनियां यात्रा के लिए लगाई गई हैं। अत्याधुनिक हथियारों से लैस सुरक्षाकर्मियों को श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग और यात्रा के दोनों मार्गों, दक्षिण कश्मीर में पारंपरिक पहलगाम मार्ग और मध्य कश्मीर में सबसे छोटे बालटाल मार्ग पर तैनात किया गया है।



दोनों मार्गों पर अर्धसैनिक बल के वाहन यात्रा काफिलों की सुरक्षा करेंगे। इसके अलावा श्रद्धालुओं के काफिलों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए दिन और रात की गश्त की जाएगी। वाहन मरम्मत और रिकवरी टीमों के माध्यम से रात्रि कालीन क्षेत्र पर नियंत्रण सहित अन्य बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई हैं। यात्रा के दौरान सेना के हेलीकॉप्टर और ड्रोन भी हवाई निगरानी करेंगे।

सेना ने आपातकालीन एयरलिफ्टिंग सेवाओं की भी व्यवस्था की है। पिछले साल यात्रा के दौरान बादल फटने से 15 यात्रियों की मौत के बाद किसी भी प्रकार की आपदा को कम करने के लिए मार्ग पर नागरिक बचाव दल और हिमस्खलन बचाव दल को व्यवस्थित रूप से तैनात किया गया है। इसके अलावा एसडीआरएफ का 30 सदस्यीय पर्वतारोही बचाव दल भी बालटाल और पहलगाम रूट पर तैनात किया गया है।

## New Delhi

# AI का कमाल, यूपी में फेस रिकॉग्निशन से पकड़े गए भर्ती परीक्षा में बैठे 87 फर्जी कैंडिडेट्स

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** AI यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने यूपी पुलिस को बड़ी मदद की है. एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित फेस रिकॉग्निशन सॉफ्टवेयर के उपयोग से उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रतियोगी परीक्षा में नकल कर रहे 87 संदिग्ध नकलचियों को दबोचा है. पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा 11 संदिग्धों को लखनऊ से गिरफ्तार किया है. वहीं दिल्ली से सटे गौतम बुद्ध नगर और गाजियाबाद जिलों में कुल 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है.

गिरफ्तार किए गए लोगों में डमी उम्मीदवार शामिल हैं जिन्हें 'सॉल्वर' कहा जाता है. यह वास्तविक उम्मीदवारों के स्थान पर धोखाधड़ी से उपस्थित हुए थे और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) द्वारा ग्राम विकास अधिकारी (VDO) के रूप में भर्ती के लिए परीक्षा पास करने के लिए अनुचित साधनों का उपयोग कर रहे थे.

एक सीनियर पुलिस ऑफिसर ने कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में, परीक्षा की शुद्धता और पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए UPSSSC द्वारा सभी प्रयास किए गए थे. परीक्षा से संबंधित सभी गतिविधियों की लाइव स्ट्रीमिंग के साथ सभी केन्द्रों पर परीक्षा की कड़ी निगरानी की गई थी.'

आयोग द्वारा उपयोग किए गए एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित फेस रिकग्निशन सॉफ्टवेयर और तकनीक का उपयोग करके और विशेष कार्य बल और जिले के साथ-साथ स्थानीय पुलिस प्रशासन के सक्रिय समर्थन और मदद से, कम से कम 87 'सॉल्वर' (एक महिला सहित) को पकड़ा गया है.' ऐसे अधिकतम संदिग्ध लखनऊ (11) में पकड़े गए, उसके बाद बांदा (10), अलीगढ़ (8), कानपुर (8), वाराणसी (8), गाजियाबाद (7), गोरखपुर (6), आज़मगढ़ (5), गौतम बुद्ध नगर (5), मिर्ज़ापुर (5), आगरा (4), झांसी (4), बस्ती (2), और बरेली, मेरठ, प्रयागराज और मोरादाबाद में एक-एक लोग थे.

पुलिस ने कहा कि इन सभी मामलों में संबंधित जिलों में उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## Uttarpradesh

# सास की हरकत से दूल्हे का चकराया माथा दुल्हन देखती रह गई लौट गई बारात

**संभल, (एजेंसी) यूपी के संभल में सास को डीजे पर सिगरेट के छल्ले उड़ाते हुए देख दूल्हे का माथा घूम गया। उसने बीच मंडप शादी से साफ इंकार कर दिया। दुल्हन देखती रह गई और दूल्हा बारात लेकर लौट गया। वाकया उस समय हुआ जब विवाह की रस्में अदा की जा रही थीं। सात फेरों से पहले ही सात जन्मों का बंधन टूट गया।**

सरायतरीन के भालेभांज खां मोहल्ले के एक युवक का रिश्ता रजपुरा क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती के साथ तय हुआ था। गोद भराई समेत तमाम रस्मों के बाद मंगलवार को सरायतीन के एक मंदिर में विवाह समारोह चल रहा था। बारात चढ़त के बाद एक तरफ जहां विवाह की रस्में अदा की जा रही थी तो वहीं दूसरे तरफ बाराती दावत का लुत्फ उठा रहे थे। कुछ लोग डीजे पर थिरक भी रहे थे।

इसी दौरान दुल्हन की मां सिगरेट के कश लगाते हुए डीजे पर पहंची और छल्ले उड़ाते हुए डांस करने लगी। मंडप में बैठे दूल्हे की जैसे ही अपनी होने वाली सास पर नजर पड़ी तो वह सन्न रह गया। वह रस्में छोड़ खड़ा हो गया और शादी से साफ इंकार कर दिया। दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया और शादी रोक दी गई। समारोह के बीच में ही लड़की को लेकर उसकी मां वहां से अपने घर लौट आई और दूल्हा भी बारातियों संग लौट गया।

## खेल

# सुनील छेत्री ने आत्मघाती गोल करने वाले अनवर का साथ दिया, कहा- भारत ने दिया है गोल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय फुटबॉल टीम ने SAFF चैंपियनशिप में कुवैत के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। अनवर अली के आत्मघाती गोल के कारण भारत मैच नहीं जीत सका। अनवर की यह गलती महंगी पड़ी क्योंकि मैच ड्रॉ होने की वजह से भारत को एक अंक ही हासिल हुआ। हालांकि, छेत्री ने आत्मघाती गोल करने वाले डिफेंडर अली समर्थन किया है और कहा कि टीम ने ही गोल खाया है, अकेले खिलाड़ी ने नहीं। चूंकि भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना पहले ही तय हो चुका था, इसलिए छेत्री ड्रॉ को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं थे।



मैच के बाद मीडिया से बात करते हुए छेत्री से अनवर के आत्मघामती गोल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'यह गोल अनवर ने नहीं दिया है, यह टीम इंडिया ने दिया है। यह किसी के साथ भी हो सकता है। हमने मैच के बाद इसके बारे में बात भी नहीं की और हम सभी इतने समझदार हैं कि इसके बारे में बात नहीं करें। मुझे उम्मीद है कि वह इसे नजरअंदाज कर देंगे और आगे बढ़ेंगे। हम सभी को उनका समर्थन करना चाहिए क्योंकि ऐसा किसी के साथ भी हो सकता है। सुनील छेत्री ने कुवैत के खिलाफ मैच के दौरान टीम द्वारा की गई 'तकनीकी गलतियों' पर भी विचार किया और कहा कि खिलाड़ी ऐसी गलतियों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं।

छेत्री ने कहा, 'तकनीकी गलतियां ऐसी चीज हैं जिन्हें हम बहुत गंभीरता से नहीं लेते हैं, हम बस अपनी कोशिश पर काम करते हैं। कभी-कभी मैं खुद मूर्खतापूर्ण गोल से चूक जाता हूं जिन्हें मुझे चूकना नहीं चाहिए था, यह फुटबॉल में होता है। इसलिए तकनीकी गलती एक ऐसी चीज है जिसे हम बहुत गंभीरता से नहीं लेते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि वह इस पर काम करेंगे। भारत ने गोल दिया है, अनवर ने नहीं।''

छेत्री ने कहा- यहां तक कि स्टेडियम में मौजूद प्रशंसकों ने भी मैच के बाद अनवर का उत्साह बढ़ाया, जिससे उन्हें अपने गलती से आगे बढ़ने में मदद मिली। काफी हद तक हम वही कर पाए जो हमारे नियंत्रण में था।

कुवैत आसान टीम नहीं हैं, वह टीम बेहतरीन तरीके से खेल सकती है और हम यह देख चुके हैं, लेकिन अधिकांश समय हमने ऊर्जा बरकरार रखी। मुझे लगता है हमने अच्छा किया।

## सिनेमा

# 'आज चुप रहे तो ये सब बढ़ेगा...', हाई कोर्ट ने 'आदिपुरुष' मेकर्स को लगाई लताड़



फिल्म 'आदिपुरुष' को लेकर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है. फिल्म के मेकर्स की मुश्किलें हर रोज बढ़ती ही दिख रही हैं. फिल्म के डायलॉग्स को लेकर हुए विवाद के बाद यह मामला हाई कोर्ट जो पहुंचा था. फिल्म पर बैन लगाने की मांग उठी थी. अब इलाहाबाद हाई कोर्ट की ओर से इस पर दूसरे दिन सुनवाई हुई है. इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा- यह लगातार हो रहा है, कुछ न कुछ लगातार ऐसा किया जा रहा है, जिससे सामाजिक सामंजस्य खराब हो. प्रोड्यूसर को कोर्ट में पेश होना होगा, यहां मजाक नहीं चल रहा है. प्रोड्यूसर सुनाई से गायब हैं. इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा- 'रामायण' के कितने किरदार हैं, जिनकी पूजा की जाती है. उनको फिल्म में किस तरह से दिखाया गया है? फिल्म 16 जून को रिलीज हुई थी. अब तक कुछ नहीं हुआ तो तीन दिन में क्या होगा, लेकिन हम फिर भी छुट्टी में इसको सुन रहे हैं. कुछ लोगों का कहना है कि वह फिल्म से आहत हुए हैं. कुछ ऐसे लोग भी हैं जो फिल्म पूरी नहीं देख पाए हैं. जो लोग भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी को मानते है, वे फिल्म देख ही नहीं पाएंगे.

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सेंसर बोर्ड के सदस्यों को फटकार लगाते हुए कहा कि वह लोग धन्य हैं, जिन लोगों ने फिल्म को सर्टिफाई किया है. जहां 'रामायण' के बारे में ऐसा दिखाया गया. लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं. जो बातें याचिका में कही गई हैं, उससे हम मानते हैं कि भावनाएं आहत हुईं. अगर आज हम चुप हो जाएंगे तो जानते हैं क्या होगा? यह सब बढ़ रहा है.

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत पिता-पुत्र घायल, ट्रक ने मारी थी टक्कर

## मांगलिया के पास हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बुधवार रात बाइक से अपने घर आ रहे तीन लोगों को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक रांग साइड से आ रहा था। सभी को उपचार के लिये एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहां एक युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि तीनों टोंक खुर्द से इंदौर बाइक से आ रहे थे। तभी रास्ते में हादसा हो गया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। शिप्रा पुलिस के मुताबिक घटना मांगलिया के पास की है। यहां बाइक पर संतोष (35) पुत्र मोतीलाल भालसे उनका दोस्त कमल और उसका बेटा अजय बाइक से स्वर्ण बाग कॉलोनी अपने घर आ रहे थे। तभी रास्ते में रांग साइड से अचानक सामने आए एक ट्रक ने तीनों की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद तीनों सड़क पर गिर पड़े। उन्हें एबुलेंस से उपचार के लिये एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहां रात करीब डेढ़ बजे के लगभग संतोष ने दम तोड़ दिया। रिश्तेदारों ने बताया कि तीनों पेंटिंग का काम करते हैं ओर मकान व बिल्डिंग में कलर के ठेके लेते हैं। उन्होंने अभी टोंकखुर्द में काम लिया था। जहां वह हर दिन जा रहे थे। बुधवार को भी वहीं से वापस लौटने के दौरान रात करीब साढ़े नौ बजे हादसा हो गया। संतोष के परिवार में उसके दो बेटे पत्नी व माता-पिता और दो भाई हैं। पुलिस के मुताबिक टक्कर मारने वाले ट्रक को जब्त किया गया है। वहीं ड्रायवर की तलाश की जा रही है।

# डकैती डालने के पहले ही पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तेजाजी नगर पुलिस ने डकैती की योजना बनाते चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दो आरोपी फरार हो गए है। आरोपी क्षेत्र के कॉलेज के पास डकैती की योजना बना रहे थे। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश क्षेत्र के पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बना रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर जफर उर्फ मुन्ना पिता मुस्ताक खान निवासी बेटमा, लखन यादव निवासी इंडोरामा जिला धार, महमूद उर्फ गोलू पिता सिकंदर खान निवासी बेटमा, संदीप पिता राजेश परमार निवासी कदमपुर मानपुर को एक पिस्टल जिंदा कारतूस दो चाकू एवं लोहे की रॉड सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों से दो बाइक तथा 4 चार मोबाइल फोन जब्त हुए हैं। घटनास्थल से दो आरोपी भाग निकले, जिसकी तलाश की जा रही है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने लूट की अन्य घटनाओं के बारे में भी बताया है, जिसमें जांच चल रही है। फिलहाल चारों आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं।

## मोबाइल लूटने वाले पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भंवरकुंआ इलाके में एक युवक के साथ मोबाइल फोन लूट की हुई वारदात में दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वारदात दीपक पिता जगदीश नामदेव निवासी रानीबाग खंडवा नाका के साथ हुई। दीपक ने पुलिस को बताया कि वह खाना खाने के बैद पैदल घूमते हुए मोबाइल पर बात कर रहा था। उसी दौरान अरहिंत कालेज के सामने लिंबोदी की ओर से बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसका मोबाइल छीना और भाग निकले। शोर मचाने पर लोगों ने पीछा किया और पुलिस को भी सूचना दी। इस पर आरोपियों को घेराबंदी कर आइटी पार्क के पास पकड़ लिया गया। पुलिस से बचकर भागने के प्रयास में आरोपी घायल भी हो गए। इनसे अन्य मामलों में पूछताछ की जा रही है। पुलिस को शक है कि इनसे और भी वारदातों को खुलासा हो सकता है। जल्दी ही पुलिस आरोपियों के नामों का खुलासा करेगी।

## दहेज में मांगे दो लाख रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। दहेललोभी पति और ससुराल वालों ने दुकान खोलने के लिए महिला से दहेज में मायके से दो लाख रुपए की मांग की। जब उसने दहेज लाने से इनकार कर दिया तो वह उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। तंग आकर पीड़िता ने पुलिस की शरण ली और केस दर्ज कराया। मामला द्वारकापुरी इलाके का है। पुलिस के अनुसार भावना पति करण कटारिया निवासी प्रजापत नगर की शिकायत पर पति करण के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ है। करण के साथ ही उसकी पत्नी ने ससुराल के जगमोहन, बबीता और अंजली पर भी केस दर्ज करवाया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पति को दुकान में व्यापार शुरू करना है। इसलिए उसे पैसों की जरूरत थी। पिछले दिनों उसने उसे दो लाख रुपए की मांग करते हुए जमकर प्रताड़ित किया और पैसों के लिए उसके घर भेज दिया, बाद में ससुराल वाले उसकी मां के पास आए और पैसों के लिए धमकी दी।

# टाउनशिप में गुंडागर्दी और नशा कारोबारियों के डर से 25 परिवारों ने किया पलायन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राजेन्द्र नगर थानाक्षेत्र की टाउनशिप में गुंडागर्दी और नशा कारोबारियों के डर से ढाई साल में 25 परिवारों ने पलायन कर दिया। अब अन्य कई रहवासियों ने अपने फ्लैट के बाहर मकान बिकाऊ है.. लिखे हुए पोस्टर लगा दिए हैं। रहवासियों का कहना है कि वह इलाके में बदमाशों और नशे के कारोबार को लेकर अफसरों से बात करके थक गए हैं। पेट्रोलिंग तक नहीं होती, इसी कारण घर बेचकर जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।**

मामला राजेन्द्र नगर के ट्रेजर टाउन में बनी EWS टाउनशिप का है। यहां रहने वाले करीब एक दर्जन से अधिक परिवारों ने अपने फ्लेट के बाहर मेरा मकान बिकाऊ है.. के पोस्टर लगा दिए हैं। रहवासियों के मुताबिक इलाके में बढ़ रहे अपराध और नशे को लेकर वह भयभीत हैं। उनके मुताबिक ढाई साल में यहां से 25 के लगभग परिवार घर छोड़कर जा चुके हैं। अभी यहां मोहर सिंह, माखन पटेल ,फूलचंद, प्रंशात पांडे, संदीप नामदेव, वीरेन्द्र नामदेव, प्रकाश देपालपुर, देवेन्द्र और त्रिलोक सिंह पटेल ने अपने घरों के बाहर यह पोस्टर लगाए हैं।रहवासियों ने बताया कि यहां करीब 273 परिवार रहते हैं। जिसमें 40 प्रतिशत



किराएदार हैं। इनमें से अधिकतर किराएदारों की जानकारी राजेन्द्र नगर थाने पर नहीं है। रहवासी पिछले दिनों थाना प्रभारी सतीश पटेल से मिलने पहुंचे थे। इन्हें यहां बढ़ रहे अपराधों से अवगत कराया। बावजूद कोई असर नहीं दिखाई दिया। इसके बाद डीसीपी आदित्य मिश्रा से मुलाकात की। उनके आदेश के तीन दिन बाद टीआई यहां एक बार आए और इलाके का राउंड लगाकर चले गए। इसके बाद यहां कोई भी बीट या अन्य पुलिस की गश्त नही होती।रहवासी प्रशांत पांडे ने बताया कि पहले यहां थाना प्रभारी रह चुके सुनील शर्मा के कार्यकाल में समय समय पर पूरी टाउनशिप में पेट्रोलिंग होती थी। इसके बाद अन्य थाना प्रभारी आए, हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। वह इस मामले में कई वरिष्ठ अफसरों से भी मिले। पुलिस की पेट्रोलिंग यहां नहीं हो रही है। लॉकडाउन के समय तत्कालीन डीसीपी महेशचंद जैन ने यहां कुछ नशाखोरी करने वालों और आवारा तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इससे कुछ समय पहले अपराध कम हो गए थे, बाद में ध्यान नहीं दिया गया है। असामाजिक तत्वों ने डेरा बना लिया है। रहवासियों ने बताया कि गड़बड़ी पुलिया से लगी हुई कॉलोनी होने के चलते आसपास 10 से 12 अन्य टाउनशिप है। ट्रेजर टाउन के पास बनी EWS में दिनभर नशाखोरी करते युवा घूमते रहते हैं। इससे इलाके में चोरी और महिला व बच्चियों के साथ छेड़छाड़ की घटना हो रही है। इसके साथ ही छोटे बच्चे भी यहां नशा करते हैं।इस मामले में डीसीपी आदित्य मिश्रा ने कहा कि, शिकायत मिलने पर मैं खुद बीती रात 1 बजे मौके पर गया था। कुछ अपराधियों की जानकारी मिली है। कुछ पर पहले कार्रवाई कर चुके हैं जो वर्तमान में जेल में हैं। लोगों से बात कर उनकी समस्याओं को बिल्कुल सुना जाएगा। वही इलाके में किराएदारों को लेकर एक शिविर लगवा कर वेरिफिकेशन करवाया जाएगा। साथ ही जो लोग परेशान हैं उनसे मिलकर खुद समस्या सुनी जाएगी।

## ऑटो रिक्शा की टक्कर से परिवार घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ऑटो रिक्शा के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए स्कूटर पर जा रहे परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में दंपती और बच्ची घायल हो गए। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक दुर्घटना छोटा बागड़दा रोड़ पर डी मार्ट के पास हुई। दीपक कुमार चौहान निवासी चंद्रेश्वरी धाम कॉलोनी की रिपोर्ट पर सवारी आटो रिक्शा एमपी 09 आरए 1917 के चालक पर केस दर्ज किया गया। हादसे में उनकी पत्नी इ्क्षरकी चौहान को ज्यादा चोट आई है। उन्होंने बताया कि आरोपी चालक ने तेजगति व लापरवाही पूर्वक रिक्शा चलाते हुए स्कूटर में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह, पत्नी और बच्ची रोड पर गिर गए। हादसे के बाद आरोपी चालक वहां से भाग गया।

# मां ने डांटा, बेटी ने किया आत्महत्या का प्रयास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर**। एक लड़की ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। वह कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। कल वह मोबाइल चला रही थी मां ने उसे डांट दिया था। मां पूजा करने चली गई तो उसने जानलेवा कदम उठा लिया। मिली जानकारी के अनुसार खुदकुशी की कोशिश करने वाली लड़की का नाम रोशनी पिता घनश्याम निवासी अहिरखेड़ी द्वारकापुरी है। परिजन धीरज के अनुसार रोशनी की हालत नाजुक बनी हुई है। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। कल उसकी मां जब पूजा कर रही थी तभी उसने फंदा लगा लिया। मां ने देखा तो पड़ोसियों की मदद से फंदे से उतारा और अस्पताल लेकर आए थे।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT
समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।